हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 7 मार्च, 2022/16 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 60

मिनी सचिवालय

***4849 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा दिनांक 15.08.2018 को इन्दौरा में मिनी सचिवालय बनाने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो इसके भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि जारी की गई ; और

(ख) इसकी डी0पी0आर0 बनकर तैयार हो चुकी है; यदि हां, तो इसके भवन निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Encroachment

***4850 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government of J&K has enchroached on the land belonging to Himachal Pradesh along the Khundi-Maral border in Salooni

Sub-Division of Chamba; and

(b) how much land has been enchroached by J&K; what steps the Government is taking to reclaim its territory?

पदपूर्ति

***4851 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जयसिंहपुर स्थित महाविद्यालय में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

निजी क्षेत्र में संस्थान

***4852 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में कितने वेटरिनरी फार्मेसी संस्थान निजी क्षेत्र में दिए गए हैं; सभी संस्थानों व उनके पदाधिकारियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

विद्युत आपूर्ति

***4853 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विद्युत मण्डल चौपाल और उप-मण्डल सैन्ज के अन्तर्गत कितने ट्रांसफार्मर स्वीकृत व स्थापित किए गए; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र में विद्युत मण्डल चौपाल और विद्युत उप-मण्डल सैंज के अन्तर्गत कितने खम्भे और तारों के लिए धनराशि स्वीकृत हुई तथा उसमें से कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है व कितनी शेष है; स्थान सहित पूर्ण ब्यौरा दें;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 66 के0वी0ए0 सब-स्टेशन के कितने टावर लगे हैं व कितने लगने शेष हैं; स्थानवार ब्यौरा दें; और

(घ) 66 के0वी0ए0 सब-स्टेशन लगने के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है; इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

एन0सी0सी0 अकैडमी व राज्य एन0डी0आर0एफ0 बटालियन

***4569 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एन0सी0सी0 अकैडमी व राज्य एन0डी0आर0एफ0 बटालियन को स्थापित किया जाना प्रस्तावित है; इनके भवन निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा तथा इनके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; इनके निर्माण के लिए क्या औपचारिकताएं शेष रहती हैं; ब्यौरा दें?

क्षति आकलन

***4854 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) अप्रैल व मई, 2021 में बेमौसमी बर्फवारी और ओलावृष्टि से बागवानों/किसानों के नुकसान के आकलन के लिए केन्द्रीय दल ने कब प्रदेश का दौरा किया; और

(ख) क्या इस दल ने क्षति के आकलन की सूचना प्रस्तुत कर दी है; यदि हां, तो कितनी धनराशि किसानों व बागवानों को इस प्राकृतिक आपदा से राहत हेतु प्रदान की गई?

पदपूर्ति

***4855 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कई स्कूलों में एल0टी0 व ड्राईंग अध्यापकों के पद रिक्त हैं; यदि हां, तो सरकार इनको कब तक भरने का विचार रखती है?

अनुसूचित जाति उप-योजना

***4856 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत कौन-कौन सी योजनाएं स्वीकृत हुईं; इन योजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; योजनावार विवरण दें?

Registration of Clusters

***4857 Sh. Rakesh Singha (Theog) :**
Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur) :

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many clusters have been registered under the World Bank sponsored Horticulture Development Project for Apples in the entire State and what is the criteria for choosing clusters in Development Blocks ; provide a list of each cluster and in which stage they are in;

(b) is it also a fact that under Chaura cluster a scheme is functioning under MLA Priority; if so, under this cluster why funds are not relesed for irrigation schemes; and

(c) how many LIS are running successful in the State under this project; details be given?

शिक्षकों के पद

***4858 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशालाओं में शिक्षकों के स्वीकृत व रिक्त पदों का ब्यौरा पाठशालावार दें?

Detail of Schemes

***4859 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that what all activities/schemes have been undertaken by the Soil-Conservation Department in Rampur Assembly Constituency; details be given?

Posts of Librarians

***4860 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many posts of Librarians are lying vacant in the different educational institutions of the State; by when these posts will be filled-up?

अटल आदर्श विद्यालय

***4861 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अटल आदर्श विद्यालय का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

मुआवजा

***4862 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में लाहौल व कांगड़ा में अपनी भेड़-बकरियां लेकर आने-जाने वाले गद्दी समुदाय के लोगों की भेड़-बकरियां वाहनों द्वारा कुचले जाने से मर जाती हैं; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक भरमौर क्षेत्र के गद्दी समुदाय की कितनी भेड़-बकरियां वाहनों की चपेट में आने से मारी गईं तथा पशु पालकों को कितना मुआवजा दिया गया; ब्यौरा दें?

एस0सी0डी0पी0

***4863 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एस0सी0डी0पी0 के तहत वर्तमान में कौन-कौन सी योजनाएं, सड़कें व भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; वर्षवार ब्यौरा दें?

Installation of 33 KV Sub-Station

***4864 Col. Inder Singh (Sarkaghat):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that what is the latest position of installation of 33 KV sub-station near Samaila, District Mandi; by when its installation work will be started; details be given?

उप-तहसील भवन

***4865 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पंजैहरा उप-तहसील के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा स्वीकृत धनराशि सहित दें?

बिजली की एलाइनमेंट

***4866 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नेशनल हाइवे बातापुल से यमुनापुल तक पांवटा साहिब में सड़क के दोनों तरफ बिजली की एलाइनमेंट को बदला गया; इस कार्य में कितनी धनराशि व्यय की गई तथा सामग्री

किस कंपनी से जांच करके लगवाई गई; कंपनी द्वारा इस कार्य को किस ठेकेदार को सब्लेट किया गया; ब्यौरा दें?

मछली उत्पादन

***4867 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर के गोबिंद सागर झील में सिल्वर कार्प मछली का उत्पादन कम होने के क्या कारण हैं; क्या सरकार ने मछली उत्पादन कम होने के कारणों की जांच हेतु कोई वैज्ञानिक जांच करवाई है; ब्यौरा दें?

व्यय धनराशि

***4868 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक एन0टी0पी0सी0 कोल डैम प्रोजैक्ट में सी0एस0आर0 से सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी धनराशि व्यय की गई; व्यय की गई धनराशि का योजनावार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में बी0एस0एल0 प्रोजैक्ट सुन्दरनगर में बी0बी0एम0बी0 द्वारा इस निर्वाचन क्षेत्र में सी0एस0आर0 में कितनी धनराशि कहां-कहां व्यय की गई; धनराशि का ब्यौरा योजनावार दें?

सामग्री क्रय

***4869 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सीमित के विभिन्न मण्डलों के तहत कितनी-कितनी धनराशि की सामग्री क्रय की गई; क्रय सामग्री का मूल्य सहित व मण्डलवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सीमित ने कितनी क्रय की गई सामग्री को उपयोग में लाया व कितनी सामग्री उपयोग में नहीं लाई गई; उपयोग एवं अनुप्रयुक्त सामग्री का मूल्य सहित मण्डलवार ब्यौरा दें?

प्राकृतिक आपदा

***4870 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने परिवारों का प्राकृतिक आपदा से नुकसान हुआ है; ब्यौरा नामवार व पंचायतवार दें;

(ख) प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी परिवारों को सरकार द्वारा राहत राशि प्रदान कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) शेष परिवारों को प्रदान की जाने वाली राहत राशि किन कारणों से लम्बित है व उन्हें राहत राशि कब तक प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

मिनी सचिवालय

***4871 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजगढ़ में मिनी सचिवालय का कार्यालय बनना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा तथा इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

नर्सरी अध्यापक

***4872 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्ष 1996-97 में नर्सरी अध्यापकों को प्राथमिक पाठशालाओं में लगाया गया था, उसके बाद आज तक नर्सरी अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गई है; क्या सरकार नर्सरी अध्यापकों को नियुक्त करने

का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

अनुदान

***4873 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बागवानी विभाग के उपकरणों की खरीद पर दिए जाने वाले अनुदान की लंबित धनराशि को सरकार कब तक जारी करने का विचार रखती है?

स्कूलों का स्तरोन्नयन

***4874 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने विद्यालयों को स्तरोन्नत किया गया; नाम सहित ब्यौरा दें?

Veterinary Dispensary Nehra

***4875 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Veterinary Dispensary Nehra is closed for the last 3 years due to non-posting of required staff; and

(b) if yes, by when the vacant posts will be filled-up and made the Dispensary functional; details be given?

सरकारी अनुदान

***4876 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार वर्ष 2014 में विभिन्न सरकारी स्कूलों और महाविद्यालयों में एस0एम0सी0 के माध्यम से रखे गए अध्यापकों को अनुदान दे रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकारी महाविद्यालयों में क्या वर्ष 2008 के बाद टीचिंग और नॉन-टीचिंग के स्वीकृत पदों पर लोकल पी0टी0ए0 पर कार्यरत स्टाफ को सरकार अनुदान देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

प्राचीन मन्दिर

***4877 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शिमला ग्रामीण तहसील के परगना कैमली के देवताओं के प्राचीन मन्दिरों को हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिनियम, 1953 की धारा 37 के अनुसार राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

फल विधायन केन्द्र

***4878 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कन्दरोड़ी में एच0पी0एम0सी0 का फल विधायन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण?

Vacancy Position

***4879 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of all categories are sanctioned in Agriculture Department in Chamba District; details be given Block-wise; and

(b) how many posts of all categories are lying vacant; details be given Block-wise?

पदों का ब्यौरा

***4880 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ज़िला कांगड़ा के विकास खण्ड लम्बागाँव में पंचायत सचिव/सहायक, तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा ये पद कितने समय से रिक्त चल रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Tenders

***4881 Sh. Mukesh Agnihotri (Haroli):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022 , how many times the conditions and definitions of similar works have been changed by Jal Shakti Vibhag in water supply/irrigation works; give details;

(b) what benefits have occurred to the Department/Government by changing these tender conditions again and again; and

(c) whether these conditions are changed only to adjust favourable firms of Jal Shakti Vibhag; details be given?

स्वीकृत योजनाएं

***4882 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति डिवीजन नेरवा और सब-डिवीजन सैंज under जल शक्ति डिवीजन कसुम्पटी में कितनी योजनाओं की Administrative Approval और Expenditure Sanction हुई; इन योजनाओं का नामवार Sanction Letter सहित ब्यौरा दें ;

(ख) इन सभी योजनाओं में कितनी धनराशि Sanction हुई;

(ग) इन योजनाओं का टेण्डर कितने का हुआ; इस पर कितनी धनराशि व्यय हुई; और

(घ) इन योजनाओं के शेष बैलेंस अमाउंट सहित ब्यौरा दें?

एस0डी0एम0 कार्यालय

***4883 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) कार्यालय जुब्बल और कोटखाई की अधिसूचना कब जारी की गई; इन दोनों कार्यालयों में कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; और

(ख) सरकार इन कार्यालयों के लिए कब तक नियमित एस0डी0एम0 नियुक्त करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

पी0टी0ए0 नियमितीकरण

***4884 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हिमाचल प्रदेश में पी0टी0ए0 के अन्तर्गत कितने तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी स्कूलों व महाविद्यालयों में कार्य कर रहे हैं; क्या सरकार उन्हें नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल

***4885 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग मण्डल न0 1, कसुम्पटी, शिमला-9 में शिमला जल प्रबन्धन निगम के पेंशनरों के मैडिकल बिल गत एक वर्ष से लम्बित पड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा चालू वित्त वर्ष 2021-22 में इन बिलों का भुगतान कर दिया जाएगा?

SCDP

***4886 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government abiding by the guidelines laid for implementation of the SCCP now termed SCDP; is the SCDP a product of implementing the requirements of the Constitution of India;

(b) how many works in respect of Theog Assembly Constituency under SCDP 2021-22 which fall outside the parameters of the guidelines made for implementation of the Constitutional provisions; on whose recommendation have the scheme been included; has any monitoring agency examined them; if yes, provide all details including the minutes of the meetings; if not, reasons thereof;

(c) what is the schedule caste population of the villages falling under Narkanda Block of Theog Assembly Constituency and the percentage of population; how many schemes have been included in the SCDP for the Block for the financial year 2021-22; provide a detailed report and its implementation position scheme-wise and the reason for not doing so; and

(d) how many Panchayats of Theog Block fall under the Theog Assembly Constituency, its village and Panchayat-wise percentage of SC population, scheme-wise funds alloted, on whose recommendations were these schemes included?

सरप्लस भूमि

***4887 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर में जे0एस0डब्ल्यू0 कम्पनी के पास प्रोजैक्ट निर्माण के बाद सरप्लस भूमि पड़ी है जबकि कई स्थानों पर सार्वजनिक कार्य के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार किन्नौर की विशेष भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए जहां सार्वजनिक कार्य के लिए भूमि की आवश्यकता है वहां जे0एस0डब्ल्यू0 कम्पनी के पास

पड़ी सरप्लस अप्रयुक्त भूमि को वापिस सरकार को व स्थानीय लोगों को देने की प्रक्रिया आरम्भ करने का विचार रखती है?

LWSS Beas to 16 Tanki (Bijli Mahadev)

***4888 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) when was the foundation stone of Lift Water Supply Scheme Beas to 16 Tanki (Bijli Mahadev) laid;

(b) is the tender for execution awarded; details of name of the Company be given; and

(c) when will the work be started and be completed?

Post of Principal

***4889 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) since when there is no regular Principal in GB Pant Memorial Government Degree College Rampur; and

(b) by when a regular Principal would be made available; details be given?

Way-side Amenity

***4890 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Jal Shakti Vibhag has taken the possesion of way-side amenity at Ukhali in District Hamirpur; and

(b) if yes, what activity has been started there; details be given?

पुरातत्व मंदिर

***4891 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत हरिपुर में कितने पुरातत्व मंदिर, सराय (धर्मशाला) व तालाब हैं;

(ख) क्या मंदिर एवं सराय, सरकार तथा पंचायत के अधीन हैं; और

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इन पर कितना व्यय किया गया; सरकार इन प्राचीन मंदिरों को पुरातत्व का दर्जा देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***4892 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांगी घाटी में कृषि विभाग में विषय वस्तु विशेषज्ञ (SMS Agriculture) के रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

मकान आबंटन

***4893 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोहडू व चिड़गांव ब्लॉक में प्रधानमन्त्री व मुख्य मन्त्री आवास योजना के तहत कितने मकान स्वीकृत हुए; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) रोहडू व चिड़गांव ब्लॉक से किन-किन व्यक्तियों ने इन योजनाओं के अन्तर्गत वर्तमान में आवास हेतु आवेदन किया है; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

बिजली खपत टैरिफ

***4894 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में 60 से 125 यूनिट तक बिजली की खपत पर टैरिफ माफ/कम कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इससे कितने उपभोक्ता लाभान्वित होंगे व कुल कितनी आर्थिक सहायता प्रदेश के लोगों को मिलेगी; ब्यौरा दें?

पेयजल सुविधा

***4895 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोयड़ी के गांव पपलोही हरिजन बस्ती में पीने के पानी के लिए जे0जे0एम0 के तहत जो पाइपें डाली गई हैं, उनमें पानी नहीं आ रहा है; सरकार इस समस्या का समाधान करवाकर लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोयड़ी के ताल गांव की सिंचाई योजना की मरम्मत तथा पुरानी पाइप लाइन को बदलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

हैंडपंप और ट्यूबवेल

***4896 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जल शक्ति विभाग द्वारा जिला सिरमौर में कितने हैंडपंप और ट्यूबवेल स्थापित किए गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, स्थानवार व नामवार दें?

विज्ञान प्रसार केंद्र

***4897 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर में कृषि विभाग के अन्तर्गत कितने विज्ञान प्रसार केंद्र खोले गए व कितने बंद पड़े हैं; और

(ख) श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गलुआ में भण्डार केंद्र कब खोला गया; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; यह केंद्र किन कारणों से बंद पड़ा है; इसे कब तक पुनः खोल दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पंचायत घर निर्माण

***4898 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई पंचायतें वर्ष 2020-21 में बनाई गईं; सरकार द्वारा इन पंचायतों के पंचायत घर निर्माण के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) नई पंचायतों के भवन निर्माण कार्य का पंचायतवार अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

अग्निशमन सेवा सुदृढ़ीकरण

***4899 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार द्वारा एन0डी0आर0एफ0 में कैपेसिटी बिल्डिंग कम्पोनेंट के अन्तर्गत अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण हेतु कितनी-कितनी धनराशि के प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे गए; ब्यौरा दें?

निजी भवनों में चल रहे केन्द्र

***4900 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनवाड़ी, बालवाड़ी व शिशु केन्द्र हैं;

(ख) इनमें से कितने संस्थानों के पास अपने भवन हैं, कितने निजी भवनों में चल रहे हैं; और

(ग) निजी भवनों में चल रहे इन संस्थानों का भवन निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा नामवार व पंचायतवार दें?

धारटुखाड़ धमान्दर उठाऊ सिंचाई योजना

***4901 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग की धारटुखाड़ धमान्दर उठाऊ सिंचाई योजना के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; इस योजना का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अनुसंधान अधिकारी

***4902 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि जिला कांगड़ा में अनुसंधान अधिकारी (एस0सी0एस0पी0) के पद को शिमला मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है; सरकार इस पद को जिला कांगड़ा में पुनः सृजित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

अनुदान

***4903 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग के उपकरणों की खरीद पर कृषकों को दिए जाने वाले अनुदान की लम्बित धनराशि को सरकार कब तक जारी करने का विचार रखती है?

अटल आदर्श विद्यालय

***4904 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अटल आदर्श विद्यालय गड़ाहरी के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

TGT and C&V Teachers

***4905 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many post of TGT and C&V Teachers have been filled-up in the year 2021 through Commission; details be given?

धौलासिद्ध प्रोजैक्ट

***4906 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हमीरपुर में निर्माणाधीन धौलासिद्ध प्रोजैक्ट के लिए किस-किस गाँव में किस-किस भूमि मालिक की कितनी-कितनी भूमि क्रय की गई है;

(ख) उन जमीनों की वृत्त दर क्या थी; किस-किस भूमि मालिक को कितनी-कितनी धनराशि किस दर से दी गई; उनमें स्टाम्प ड्यूटी वृत्त दर के हिसाब से लगाई गई या

भूमि मालिक को दी गई दर पर लगाई गई; यदि स्टाम्प ड्यूटी वृत्त दर के हिसाब से लगाई गई है तो वृत्त दर के हिसाब से भूमि मालिक को कीमत क्यों नहीं दी गई; और

(ग) इस भूमि खरीद में क्या सरकार को अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं; यदि हां, तो उन पर क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; मामलेवार ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

*4907 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)** :

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कोटी महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितनी धनराशि कब स्वीकृत की गई ;

(ख) इस भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ग) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडियां के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इस भवन का कितना कार्य हो चुका है व कितना शेष है; और

(घ) इसके भवन निर्माण का शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; पूर्ण ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।